गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

आवश्यक सूचना

वैशाली योजना के अन्तर्गत सेक्टर–4 में स्थित अलकनन्दा एवं मंदाकिनी टॉवर्स गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा तत्समय कार्यरत आर0डब्लू0ए0 को वर्ष–2011 में हस्तगत किया जा चुका है। उपरोक्त टॉवर की स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी जाँच जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से करायी गयी है। जाँच रिपोर्ट में दोनों टॉवरों के क्षरण का प्रमुख कारण उचित अनुरक्षण का अभाव एवं विभिन्न लोकेशन पर पानी की लीकेज़ इत्यादि का उल्लेख किया गया है। यू0पी0 अपार्टमेंट एक्ट–2010 के चेप्टर–6 की क्लॉज सं0–14(5) के अनुसार टॉवर हस्तान्तरण उपरान्त रखरखाव एवं सुरक्षा का दायित्व स्वयं आर0डब्लू0ए0/आवंटियों का है। आर0डब्लू0ए0/आवंटियों द्वारा वर्तमान में भी रखरखाव न किये जाने के कारण टॉवरों की स्थिति दिन–प्रतिदिन खराब हो रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत उपरोक्त टॉवर्स में अध्यासित आवंटी तत्काल भवन को खाली करते हुए टावर्स की समुचित मरम्मत उपरान्त ही अध्यासन करें, अन्यथा की स्थिति में किसी अप्रिय घटना होने पर आवंटियों का स्वयं का उत्तरदायित्व होगा।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @gdagzb : gdagzb

हेल्पलाईन नं: 0120-3342433, व्हाट्सएप : 9818988807 वेबसाईट : www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प